भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 282 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरुवार, 16 अप्रैल ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## 33% आरक्षण से राजनीति में बढ़ेगी महिलाओं की ताकतः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।





मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने वाला ऐतिहासिक कदम है। इससे संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा, जिससे नीति निर्माण में उनका सीधा प्रभाव दिखेगा।

बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना देश का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं स्टार्टअप, शिक्षा, विज्ञान, खेल और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं।

### महिला सशक्तीकरण बना विकास का आधार

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं ने महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनाया है। जन धन योजना, उज्ज्वला योजना, लखपति दीदी और ड्रोन दीदी जैसी पहलें महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही हैं।

उन्होंने बताया कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान से लिंगानुपात में सुधार हुआ है, जबकि स्वच्छ भारत मिशन ने महिलाओं की गरिमा को बढ़ाया है।

### प्रदेश में 16 लाख 'लखपति दीदी' तैयार

राज्य सरकार के प्रयासों का जिक्र करते हुए शर्मा ने कहा कि प्रदेश में 20 लाख से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया है, जिनमें से 16 लाख महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं। लाडो प्रोत्साहन योजना से 6.5 लाख से ज्यादा बालिकाएं लाभान्वित हुई हैं, जबकि मातृ वंदना योजना की राशि बढ़ाकर 6500 रुपए कर दी गई है।

### सुरक्षा के लिए 600 कालिका यूनिट तैनात

महिला सुरक्षा को प्राथमिकता बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 600 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट और 65 एंटी रोमियो स्क्वॉड सक्रिय हैं। महिला अपराधों में कमी आई है और महिलाओं को भयमुक्त वातावरण मिला है।

### युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार पर फोकस

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं के लिए नई नीति लागू की है, जिससे उद्यमिता को बढ़ावा मिल रहा है।

सरकार का लक्ष्य 10 लाख रोजगार सृजित करने का है, जिसमें अब तक 1.25 लाख से अधिक नियुक्तियां दी जा चुकी हैं।

33% आरक्षण बनेगा सामाजिक बदलाव का आधारः दिया कुमारी

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम से देश में पहली बार संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33% आरक्षण मिलेगा। यह निर्णय आने वाले समय में सामाजिक क्रांति का आधार बनेगा।

### सम्मेलन में दिखा उत्साह, सिग्नेचर वॉल पर समर्थन

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिनियम के समर्थन में सिग्नेचर वॉल पर हस्ताक्षर किए और छात्राओं के साथ सेल्फी भी ली। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं और छात्राओं की भागीदारी रही ।

## पुलिस थाने के सामने खुला नाला बना खतरा, दर्जनों वाहन फंसे - जिम्मेदार बेपरवाह

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



शहर में प्रशासनिक लापरवाही का एक और मामला सामने आया है, जहां पुलिस थाने के ठीक सामने बना नाला आमजन के लिए मुसीबत का कारण बन गया है। लंबे समय तक अधूरा पड़ा रहने के बाद हाल ही में नाले का निर्माण कार्य पूरा कर इसे खोल दिया गया, लेकिन सुरक्षा के लिए आवश्यक जाली नहीं लगाई गई। नाले पर सुरक्षा जाली नहीं होने से यहां आए दिन हादसे जैसे हालात बन रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, नाला खुलने के बाद से अब तक एक दर्जन से अधिक वाहन इसमें फंस चुके हैं। वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और कई बार नुकसान भी उठाना पड़ा है।

शिव मेवाड़ा और मनोज मालवीय ने बताया कि कई बार शिकायत के बावजूद पालिका प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही नाले पर जाली नहीं लगाई गई तो कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है।

बुधवार को मांडलगढ़ के पूर्व प्रधान गोपाल मालवीय की कार नाले के गड्ढे में फंस गई , जिसे घंटों की मशक्कत के बाद बाहर निकाला जा सका ।

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नाले पर सुरक्षा जाली लगाकर इस समस्या का समाधान किया जाए, ताकि राहगीरों और वाहन चालकों को राहत मिल सके।

## ट्रांसपोर्ट मार्केट में थिनर से भरे ट्रक में भीषण आग, लाखों का नुकसान




भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

शहर के ट्रांसपोर्ट मार्केट में बुधवार को थिनर से भरे ट्रक में अचानक भीषण आग लग गई। अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद मौके पर धुएं का घना गुबार छा गया और आसपास के व्यापारियों में भय का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, ट्रांसपोर्ट मार्केट में खड़ा ट्रक थिनर के ड्रमों से भरा हुआ था। आशंका जताई जा रही है कि तेज गर्मी के कारण ड्रमों में गैस बनने से आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने पूरे ट्रक को अपनी चपेट में ले लिया और लपटें दूर-दूर तक दिखाई देने लगीं। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की करीब आधा दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया । इस अग्निकांड में ट्रक और उसमें रखा सारा सामान जलकर राख हो गया, जिससे लाखों रुपए के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

## पीएम दौरे को लेकर बस बुकिंग विवादः डोटासरा ने सरकार पर साधा निशाना

### कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने आरोप लगाया शादियों के बीच बसें रद्द कर जुटाई जा रही भीड़

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।



गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 21 अप्रैल को पचपदरा दौरे को लेकर राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

डोटासरा ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि प्रदेश में 19 से 21 अप्रैल के बीच विवाह के अबूझ सावे हैं, जिनके चलते हजारों परिवारों ने पहले से बसों की बुकिंग कर रखी है। आरोप है कि प्रशासन द्वारा निजी बस ऑपरेटर्स पर दबाव बनाकर इन बुकिंग्स को रद्द करवाया जा रहा है, ताकि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए भीड़ जुटाई जा सके।

उन्होंने दावा किया कि जोधपुर क्षेत्र में करीब 2500 बसें शादियों के लिए बुक थीं, जबकि पचपदरा, सिवाना और बायतु में भी बड़ी संख्या में बसें कार्यक्रम में लगाई जा रही हैं।

डोटासरा ने आरोप लगाया कि इससे विवाह वाले परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और उनकी तैयारियां प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि आम जनता की खुशियों को अनदेखी कर राजनीतिक कार्यक्रम को प्राथमिकता दी जा रही है, जो अनुचित है।

## अवैध खनन करते दो डंपर व ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।



गजानंद जोशी । अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पण्डेर पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए पत्थरों से भरे दो डंपर और बजरी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है।

थानाप्रभारी कमलेश मीणा ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध खनन और खनिज परिवहन की शिकायतें मिल रही थीं। इन्हें गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने रणनीति बनाकर विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी की और संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू की।

जांच के दौरान दो डंपर संदिग्ध हालत में मिले, जिनमें पत्थर भरे हुए थे। चालकों से वैध दस्तावेज मांगे जाने पर वे संतोषजनक जवाब नहीं दे सके, जिस पर दोनों डंपरों को जब्त कर लिया गया। इसी दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली भी पकड़ी गई, जिसमें अवैध रूप से बजरी भरी हुई थी।

पुलिस कार्रवाई की सूचना खनन विभाग को दे दी गई है, ताकि आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा सके।

## चारधाम यात्रा से पहले साइबर अलर्टः फर्जी बुकिंग और VIP दर्शन के नाम पर ठगी से सावधान

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

आगामी चारधाम यात्रा सीजन को देखते हुए राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने श्रद्धालुओं के लिए विस्तृत सुरक्षा एडवाइजरी जारी की है। यात्रियों को हेलीकॉप्टर टिकट, होटल बुकिंग और वीआईपी दर्शन के नाम पर हो रही ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने की चेतावनी दी गई है।

एडीजी साइबर क्राइम वी.के. सिंह के निर्देश पर जारी इस एडवाइजरी में बताया गया है कि साइबर ठग यात्रा सीजन में सक्रिय हो जाते हैं और सोशल मीडिया के जरिए लोगों को निशाना बनाते हैं। डीआईजी शांतनु कुमार सिंह ने कहा कि श्रद्धालु केवल अधिकृत सरकारी वेबसाइट या विश्वसनीय ट्रैवल एजेंट के माध्यम से ही बुकिंग करें। पुलिस ने फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म पर सस्ते पैकेज या तत्काल दर्शन के नाम पर दिए जा रहे आकर्षक विज्ञापनों से बचने की सलाह दी है। साथ ही किसी भी अनजान व्यक्ति को फोन पर यूपीआई, ओटीपी या कार्ड से जुड़ी जानकारी साझा न करने और संदिग्ध कॉल पर भुगतान न करने की हिदायत दी गई है।

एडवाइजरी में डिजिटल लेनदेन को लेकर भी विशेष सावधानी बरतने को कहा गया है। रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट या धर्मशालाओं के फ्री पब्लिक वाई-फाई पर बैंकिंग ट्रांजैक्शन से बचने और पैसे प्राप्त करने के नाम पर किसी भी क्यूआर कोड को स्कैन न करने की सलाह दी गई है। मोबाइल सुरक्षा को लेकर टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन (2FA) चालू रखने, पब्लिक यूएसबी चार्जिंग पोर्ट से बचने और निजी पावर बैंक का उपयोग करने की बात कही गई है। यात्रा के दौरान अपनी लोकेशन केवल विश्वसनीय परिजनों के साथ ही साझा करने की सलाह दी गई है।



फर्जी कॉल के मामलों में भी सतर्क रहने को कहा गया है। यदि कोई व्यक्ति खुद को मंदिर समिति, पुलिस अधिकारी या रिश्तेदार बताकर पैसे मांगता है, तो पहले संबंधित व्यक्ति से पुष्टि करना जरूरी बताया गया है।

साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करने या नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की गई है।

# मुरली विलास रोड पर निगम की कार्रवाई, अवैध अतिक्रमण हटाए



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

शहर के मुरली विलास रोड पर नगर निगम ने बुधवार सुबह कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण हटा दिए। इस दौरान निगम टीम ने जेसीबी की मदद से चबूतरों व पट्टियों को हटाया। निगम के अनुसार दुकानदारों द्वारा नालियों पर किए गए अतिक्रमण से सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही थी और यातायात जाम की समस्या बढ़ रही थी। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद यह कार्रवाई की गई। वहीं, व्यापारियों ने कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए इसे एकतरफा बताया है। ।

# राजस्थान पुलिस दिवस पर जिला स्तरीय क्वीज प्रतियोगिता आयोजित, प्रिन्स गिरी प्रथम

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

राजस्थान पुलिस दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को भीलवाड़ा पुलिस द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए जिला स्तरीय क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय उच्च माध्यमिक कन्या विद्यालय में प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक किया गया।



जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा विभाग के सहयोग से आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के संचालन के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (त्वरित अनुसंधान दल) हेमंत कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया।

प्रतियोगिता में कुल 134 विद्यार्थियों ने भाग लिया। परिणाम तत्काल तैयार कर सभी प्रतिभागियों को अवगत कराया गया।

प्रतियोगिता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, प्रतापनगर के कक्षा 12 के छात्र प्रिन्स गिरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजेन्द्र मार्ग के छात्र आयूष शर्मा द्वितीय तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मालीखेड़ा की छात्रा रजनी वैष्णव तृतीय स्थान पर रहीं।

इसके अतिरिक्त मैना प्रजापत, अंकित विष्णोई, हेमेन्द्र सिंह, अब्बास अली एवं दीपिका तेली को सांत्वना पुरस्कार हेतु चयनित कर नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, परिवार में शोक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में बुधवार रात रामधाम के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया। पुलिस ने बताया की मृतक की पहचान शैतान सिंह (33) पुत्र मीठू सिंह शक्तावत के रूप में हुई है। वह मूल रूप से चित्तौड़गढ़ जिले के जोधपुरिया गांव का निवासी था और वर्तमान में भीलवाड़ा के पटेलनगर में रह रहा था। बताया गया है कि युवक एक फैक्ट्री में श्रमिक के रूप में कार्य करता था और परिवार का पालन-पोषण करता था। उसके परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में शोक छा गया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया।

# घर में घुसकर लूट की कोशिश, ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़ा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले के पंड़ेर थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक युवक द्वारा घर में घुसकर लूटपाट की कोशिश का मामला सामने आया है। घटना के दौरान आरोपी ने महिला पर कैंची से हमला भी किया, जिसके बाद परिजनों और ग्रामीणों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

जानकारी के अनुसार घटना पंड़ेर थाना क्षेत्र के ओड़िया खेड़ा गांव की है, जहां सुबह करीब 5:30 बजे एक युवक रामनिवास मीणा के मकान में घुस गया। उस समय घर में सो रही बादाम देवी के गले से सोने का मांदलिया निकालने का प्रयास किया। इसी दौरान महिला की नींद खुल गई और वह जोर-जोर से चिल्लाने लगी।

महिला के शोर मचाने पर आरोपी घबरा गया और पास में पड़ी कैंची से उसके गले पर वार कर दिया, जिससे उसे हल्की चोट आई। हालांकि महिला ने हिम्मत दिखाते हुए अपना बचाव किया, जिससे युवक के चेहरे पर भी चोट लग गई।

महिला की आवाज सुनकर परिवार के सदस्य और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लोगों ने आरोपी को पकड़कर घर के आंगन में रस्सी से बांध दिया और उसकी पिटाई कर दी।

घटना की सूचना मिलने पर पंड़ेर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर थाने ले गई। थाना प्रभारी कमलेश मीणा के अनुसार परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# भूखंड से अतिक्रमण हटाने की मांग , एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़।**

सुरास ग्राम पँचायत के नाहरगढ़ गाँव मे पंचायती नोहरे के लिए आरक्षित भूखण्ड पर एक व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण कर लिया। इस मामले को लेकर बैरवा समाज के ग्रामीणों ने माण्डलगढ़ उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन दिया। माण्डलगढ़ एसडीएम मनमोहन शर्मा व कार्यवाहक विकास अधिकारी हरिराम विजय को नाहरगढ़ के बैरवा समाज के ग्रामीणों द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया कि बैरवा समाज के पंचायती नोहरे के लिए आबादी भूमि में ग्रामीणों ने भूखण्ड आरक्षित कर रखा हैं। जिस पर गाँव के ही एक दबंग व्यक्ति पन्नालाल पिता अर्जुनलाल ने जबरन कब्जा कर अतिक्रमण कर लिया। ग्रामीणों द्वारा भूखण्ड पर निर्माण कार्य शुरू करने का प्रयास किया तो अतिक्रमी ने अपना कब्जा नहीं हटाया। ग्रामीणों उपखण्ड अधिकारी और विकास अधिकारी से अतिक्रमण हटाने की माँग की हैं। ज्ञापन देने में नाहर गढ़ गांव के राधेश्याम, कमलेश कुमार, गोपाल लाल, घीसू लाल, सांवरिया, किशन लाल, कालू लाल, मोहन लाल, फोरू लाल, पप्पू लाल सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद है।

# सड़क किनारे मिला नवजात, गंभीर हालत में कोटा रेफर

**भीलवाड़ा फोकस @ डाबी ।**

थाना क्षेत्र में मानवता को झकझोर देने वाली घटना सामने आई, जहां एक नवजात शिशु लावारिस हालत में सड़क किनारे पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए शिशु को अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए कोटा रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार पावर हाउस आबादी में पावर हाउस के सामने वाली गली में एक महिला की नजर सड़क किनारे पत्थरों के पास पड़े एक नवजात पर पड़ी। महिला ने तुरंत स्थानीय लोगों को इसकी सूचना दी, जिसके बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए।

सूचना मिलते ही एएसआई जितेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने नवजात को अपने संरक्षण में लिया और तुरंत डाबी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने बच्चे को प्राथमिक उपचार दिया।

हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने नवजात को बेहतर उपचार के लिए कोटा के जेके लोन अस्पताल रेफर कर दिया, जहां फिलहाल उसका इलाज जारी है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे



सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, साथ ही स्थानीय लोगों से पूछताछ कर नवजात को छोड़ने वाले व्यक्ति की तलाश की जा रही है।

# 18 साल बाद दबोचा गया डकैती का फरार आरोपी, देवास से हुई गिरफ्तारी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले के आसीन्द थाना क्षेत्र में वर्ष 2008 में हुई सनसनीखेज डकैती के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। करीब 18 साल से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने मध्यप्रदेश के देवास जिले से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मामले में साइबर सेल की मदद से आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की।

पुलिस ने बताया की 25 सितंबर 2008 को आसीन्द निवासी मनोज कुमार सोनी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि देर रात 2 से 3 बजे के बीच करीब 10 हथियारबंद बदमाश उसकी 'विनायक ज्वैलर्स' दुकान में घुस गए। बदमाशों ने दोनों चौकीदारों को बंधक बनाकर करीब 1 किलो सोना, 30 किलो चांदी के जेवर और 2.50 लाख रुपए नकद लूट लिए। इसके बाद चौकीदारों का अपहरण कर बदनोर के पास झरडूखेड़ा गांव के बाहर छोड़कर फरार हो गए। मामले में पुलिस ने पहले ही 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटा गया माल बरामद कर लिया था, लेकिन एक आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। फरार आरोपी मनोहर सिंह उर्फ मनू सिकलीगर, निवासी कालापाठा (देवास, मध्यप्रदेश) घटना के बाद से ही अपना घर छोड़कर छिपा हुआ था। पुलिस की लगातार तलाश और साइबर सेल की तकनीकी सहायता से उसकी लोकेशन ट्रेस की गई और आखिरकार उसे देवास से गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई में थाना आसीन्द और साइबर सेल भीलवाड़ा की संयुक्त टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम में थानाधिकारी श्रद्धा पचौरी, साइबर सेल प्रभारी आशीष मिश्रा सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस के अनुसार आरोपी से पूछताछ जारी है और मामले में अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

# भीलवाड़ा में विश्व कला दिवस पर राज्य स्तरीय कला प्रदर्शनी का भव्य आगाज़, 60 कलाकारों की 120 कलाकृतियों ने बिखेरी अपनी चमक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

स्थानीय आकृति कला संस्थान, जवाहर फाउंडेशन और रमा कत्थक संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आज 'विश्व कला दिवस' के अवसर पर ग्रामीण हाट स्थित कला दीर्घा में पांच दिवसीय राज्य स्तरीय कला प्रदर्शनी का गरिमामय शुभारंभ हुआ। महान कलाकार लियोनार्डो द विंची के जन्म दिवस को समर्पित इस महोत्सव में राजस्थान भर के ख्याति प्राप्त कलाकारों की कृतियों का प्रदर्शन किया जा रहा है।



प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि पद्मश्री जानकी लाल भाण्ड, विधायक अशोक कोठारी, श्री संतदास महंत (हाथीभाटा आश्रम) और भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के कर-कमलों द्वारा हुआ। इस अवसर पर कला जगत की प्रमुख हस्तियां जिनमें चित्रकार शरद् सोनी, बाबूलाल जाजू, लक्ष्मीनारायण डाड, गोवर्धन सिंह पंवार, मंजू मिश्रा, पंवन पंवार, दिव्या बांगड़, पूजा ग्लुण्डिया, डॉ. मनीष रंजन, कैलाश सोनी, चित्रकार त्रिलोक सोनी, मनीष सोनी, और श्रीमती अर्पणा श्यामसुखा मौजूद रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर प्रदर्शनी का अवलोकन किया और कलाकारों की कल्पनाशीलता की सराहना की। संस्थान के सचिव कैलाश पालिया ने बताया कि प्रदर्शनी में भीलवाड़ा सहित कोटा, उदयपुर, जयपुर, कुचामन, अजमेर, किशनगढ़, चित्तौड़गढ़, बूंदी और बीकानेर के 60 चुनिंदा कलाकारों की 120 कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं। इनमें पेंटिंग, ड्राइंग, फोटोग्राफी और ग्राफिक्स माध्यमों का अद्भुत प्रयोग देखने को मिला है। प्रदर्शनी का उद्देश्य प्रदेश की कला प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान कर उन्हें नई पहचान दिलाना है। उद्घाटन के साथ ही वन्दे मातरम् राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'तिरंगे के तीन रंग' थीम पर आधारित चार दिवसीय निःशुल्क कलाकृति निर्माण कार्यशाला भी शुरू हुई। संस्थान के उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने बताया कि इस कार्यशाला में वरिष्ठ, युवा और बाल कलाकार तिरंगे के रंगों के माध्यम से राष्ट्रीयता को कैनवास पर उकेर रहे हैं। कार्यशाला की सर्वश्रेष्ठ 10 कलाकृतियों को पुरस्कृत किया जाएगा और आगामी स्वतंत्रता दिवस पर इनकी विशाल प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी में भाग ले रहे सभी 60 कलाकारों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया

# सीएस वी. श्रीनिवास ने विकसित ग्राम/वार्ड अभियान की प्रगति की समीक्षा, 20 अप्रैल को होगी दूसरी ग्राम-वार्ड सभा

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

मुख्यमंत्री विकसित ग्राम एवं शहरी वार्ड अभियान की प्रगति को लेकर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सचिवालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से समीक्षा बैठक ली। बैठक में सभी जिलों के कलेक्टर्स सहित संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। मुख्य सचिव ने बताया कि अभियान के तहत 20 अप्रैल को राज्यभर में दूसरी ग्राम सभा एवं वार्ड सभा आयोजित की जाएगी। इसके अंतर्गत 10,245 वार्डों और 14,403 ग्राम पंचायतों में व्यापक स्तर पर बैठकें होंगी। उन्होंने कलेक्टर्स के साथ तैयारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वी. श्रीनिवास ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभाओं के दौरान प्राप्त होने वाली शिकायतों और समस्याओं का मौके पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके और योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो। बैठक में जयपुर जिला कलेक्टर संदेश नायक, जिला परिषद की सीईओ प्रतिभा वर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी वीसी के माध्यम से मौजूद रहे।



QUICK BITES

## चारभुजा नाथ फूलडोल महोत्सव पर छप्पन भोग, भव्य शोभायात्रा निकाली

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**





**(सांवर वैष्णव)।** क्षेत्र के चावंडिया गांव में बुधवार को श्री चारभुजा नाथ फूलडोल महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ठाकुर जी को विशाल छप्पन भोग अर्पित किया गया तथा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। फूलडोल कमेटी के सदस्यों एवं ग्रामीणों ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महोत्सव का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9:15 बजे चारभुजानाथ मंदिर में ठाकुर जी के अभिषेक से हुई। इसके पश्चात दोपहर 12:15 बजे मंदिर में हवन-पूजन कर शिखर पर ध्वज दंड की स्थापना की गई। दोपहर 3:15 बजे छप्पन भोग को दर्शनों के लिए सजाया गया तथा सायं 5:15 बजे विधिवत भोग लगाकर चारभुजा नाथ एवं छप्पन भोग की महाआरती की गई। महाआरती के बाद मंदिर से गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ शोभायात्रा प्रारंभ हुई, जिसमें महिला-पुरुष, युवक-युवतियां नाचते-गाते हुए शामिल हुए। शोभायात्रा गांव के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी, जहां जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर ठाकुर जी का स्वागत किया। अंत में यह शोभायात्रा रात्रि में चामुंडा माता तालाब स्थित फूलडोल पांडाल पहुंचकर सम्पन्न हुई।

## भटेवर नदी में अवैध खनन पर पुलिस का शिकंजा, जेसीबी सहित वाहन जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



अवैध बजरी खनन के खिलाफ अभियान में रायपुर पुलिस ने भटेवर नदी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक जेसीबी मशीन और बजरी से भरी दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त कीं। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी जिसके बाद जांच करने पर मौके पर खनन कार्य चलता मिला, लेकिन चालक और मजदूर वाहन छोड़कर फरार हो गए। जब्त वाहन थाना परिसर में खड़े कर दिए गए हैं और संबंधित लोगों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है।

## एसपी अवनीश शर्मा का डाबी थाने का निरीक्षण, तकनीक के उपयोग से अपराध नियंत्रण पर जोर

**भीलवाड़ा फोकस @ डाबी ।**



बूंदी जिले में बढ़ते अपराधों पर नियंत्रण और पुलिस व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अवनीश शर्मा ने बुधवार को डाबी थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तकनीकी संसाधनों के अधिक उपयोग, जनसहभागिता बढ़ाने और निगरानी तंत्र को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान थाना अधिकारी हेमराज शर्मा व पुलिस स्टाफ ने एसपी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। एसपी ने कस्बे में बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग की आवश्यकता बताई।

उन्होंने आमजन से 'राजकोप सिटीजन एप' से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि यह एप सुरक्षा और त्वरित सहायता के लिए बेहद उपयोगी है। उन्होंने सीएलजी (कम्युनिटी लाइजन ग्रुप) की बैठक लेकर सदस्यों से कम से कम पांच लोगों को एप डाउनलोड करवाने का आग्रह किया। उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी के मोबाइल में भी यह एप इंस्टॉल करवाया है।

एसपी ने कहा कि लगभग 90 प्रतिशत अपराध जनता के सहयोग से नियंत्रित किए जा सकते हैं। उन्होंने आमजन से जागरूकता बढ़ाने और पुलिस के साथ सक्रिय सहयोग करने की अपील की।

इसके साथ ही उन्होंने कस्बे के लोगों से घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने को कहा, जिससे निगरानी व्यवस्था मजबूत हो सके और अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके।

निरीक्षण के दौरान पुलिसकर्मियों को 'अभय कमांड' की कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई तथा आवश्यक निर्देश भी दिए गए। एसपी ने क्षेत्र में सतत निगरानी बनाए रखने और आपराधिक गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए।

महिला सुरक्षा को लेकर भी उन्होंने विशेष ध्यान देते हुए 'महिला सखी' और 'सुरक्षा सखी' समूहों को सक्रिय करने तथा अधिक से अधिक लोगों को सुरक्षा एप से जोड़ने के निर्देश दिए।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# सेठ मुरलीधर मानसिहका राजकीय कन्या महाविद्यालय में रोजगार से जोड़ने वाले, एपेरल कोर्स कार्यशाला का आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राज्य सरकार की ओर से युवाओं को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप तैयार करने के लिए फिनिशिंग स्कूल प्रोग्राम की शुरुआत की जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य स्नातक एवं स्नातकोत्तर के अंतिम वर्ष की एवं पासआउट छात्राओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना है।

कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सावन कुमार जांगिड ने बताया कि महाविद्यालय में एपेरल तथा आइटी क्षेत्र से जुड़े सर्टिफिकेट कोर्स शीघ्र



शुरू किए जाएंगे। बुधवार को आयोजित कार्यशाला में प्राजेक्ट मेनेजर दिपक वशिष्ट तथा एपेरल इण्डस्ट्री एक्सपर्ट भलेशा टांक ने एंडवांस पेर्टन मैकर से संबंधित जानकारी विस्तार से बताई। इस पाठ्यक्रम में अधिकतम 60 तथा न्यूनतम 20 सीटें निर्धारित की गई है। इस कोर्स के तहत विद्यार्थियों को 576 घंटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसमें 70 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। उद्योग जगत के सहयोग से संचालित इस कार्यक्रम में प्रशिक्षित युवाओं के लिए न्यूनतम 70 प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। कोर्स की फीस सभी वर्ग की छात्राओं के लिए मात्र 2499 रूपये रखी गई है जो कुल कोर्स फीस का 10 प्रतिशत है।

# 15 साल बाद सुधरेगी देवनारायण सागर बांध की हालत, 90 लाख से होगा जीर्णोद्धार

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**

उरना गांव स्थित देवनारायण सागर बांध की तस्वीर अब बदलने जा रही है। करीब 15 साल बाद बांध के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य का बुधवार को शिलान्यास किया गया। जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा ने 90 लाख रुपए की लागत से इस कार्य की शुरुआत कराई।

विधायक के आगमन पर गांव में उत्साह का माहौल रहा। बड़ी संख्या में महिला-पुरुष मौके पर पहुंचे और उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान आयोजित



जनसुनवाई में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं भी रखीं। महिलाओं ने बंद पड़े मनरेगा कार्यों को पुनः शुरू कराने की मांग की, जिस पर विधायक ने त्वरित संज्ञान लेते हुए जहाजपुर के विकास अधिकारी को मनरेगा कार्य शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य धर्मचंद मीना ने किया। इस अवसर पर किशोर शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, रामकुवार मीना, रामगोपाल शर्मा, रमेश काष्ठ, राकेश खटीक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

विधायक गोपीचंद मीणा ने कहा कि उनकी सरकार विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि पहले कई बार रात में शिलान्यास और उद्घाटन होते थे, जिससे कार्य अधूरे रह जाते थे, लेकिन अब पारदर्शिता के साथ दिन में जनता के बीच विकास कार्य किए जा रहे हैं।

# आकोला-बड़लियास मुख्य सड़क जर्जर, हादसों का बढ़ा खतरा

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।**

मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आकोला से बड़लियास तक जाने वाली मुख्य सड़क, जो बेगू से शाहपुरा को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है, बदहाली की चरम स्थिति में पहुंच चुकी है। रोजाना हजारों छोटे-बड़े वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं, बावजूद इसके सड़क की स्थिति वर्षों से सुधारी नहीं गई है।

सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे, उखड़ी हुई डामर और उड़ती धूल अब आम समस्या बन गई है। खराब सड़क के



कारण आए दिन राहगीर चोटिल हो रहे हैं और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह क्षेत्र की सबसे व्यस्त सड़कों में से एक है, फिर भी विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी का शिकार बनी हुई है। खास बात यह है कि इसी मार्ग से अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी नियमित रूप से गुजरते हैं, इसके बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है।

क्षेत्रवासियों ने पीडब्ल्यूडी विभाग से मांग की है कि सड़क का तत्काल सर्वे कर मरम्मत या पुनर्निर्माण कार्य शुरू किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके और संभावित हादसों पर रोक लगाई जा सके।

# सेन जयंती महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया , शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

सेन क्षौरकार वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में आराध्य देव श्री सेन जी महाराज की जयंती 'सेन जयंती महोत्सव' शहर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम की शुरुआत नगर निगम टाउन हॉल में रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर से हुई, जिसका शुभारंभ जिला कलेक्टर जसमित सिंह सिंधु व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने किया। शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, वहीं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच भी की गई।

दोपहर में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भी सभी का मन मोह लिया। शाम को नगर निगम टाउन हॉल से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा का समापन श्री सेन जी महाराज मंदिर में महाआरती के साथ हुआ।

अंत में राजेंद्र मार्ग स्कूल में भोजन प्रसाद का आयोजन किया गया। आयोजन को सफल बनाने में समाज के पदाधिकारियों व युवाओं का विशेष सहयोग रहा।

# सलावटिया मठ में 21 कुंडीय महारुद्र यज्ञ का वैदिक रीति से समापन

**भीलवाड़ा फोकस @ सलावटिया।**

सलावाटिया मठ परिसर में आयोजित 21 कुंडीय महारुद्र यज्ञ एवं शिवमहापुराण कथा का बुधवार को विधिवत पूर्णाहुति के साथ भव्य समापन हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठानों के बीच सम्पन्न इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आहुति अर्पित की।

पूर्णाहुति कार्यक्रम संत-महात्माओं के सान्निध्य में संपन्न हुआ, जहां उपस्थित श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर गुरु दत्तात्रेय की मूर्ति प्रतिष्ठा भी विधिपूर्वक कराई गई।

आयोजन के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा तथा आसपास के गांवों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। समापन अवसर पर विशाल महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।



# गर्मी में मजदूर चौराया पर श्रमिकों को पिलाई शीतल छाछ, किया जागरूक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

शहर के आरसी व्यास कॉलोनी स्थित मजदूर चौराया पर श्रमिकों के लिए छाछ वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मजदूरों को उनके अधिकारों और हितों के प्रति जागरूक भी किया गया। यह आयोजन विश्वास फाउंडेशन और उपभोक्ता कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। विश्वास फाउंडेशन के अध्यक्ष आशा रामावत ने बताया कि उपभोक्ता कल्याण समिति के संरक्षक हेमंत कोठारी के सहयोग से छाछ वितरण किया गया। कोठारी ने कहा कि गर्मी के मौसम में शरीर को ठंडा रखना अत्यंत आवश्यक है और छाछ जैसे प्राकृतिक पेय पदार्थ स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री जितेंद्र मारू ने की। इस अवसर पर विश्वास फाउंडेशन के महामंत्री सुनील राठी, लादू लाल वैष्णव, अजय शर्मा, सुलक्षणा शर्मा मौजूद रहे। वहीं उपभोक्ता कल्याण समिति से अनिल मेहता, युवा प्रदेशाध्यक्ष सूर्यप्रकाश,




महासचिव युवा मोर्चा सचिव नवरत्न बुरड़ सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में मजदूरों को छाछ वितरित की गई और उन्हें सामाजिक व कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

# दिव्यांगजनों को मिला आत्मनिर्भरता का संबल, 7 पात्र लाभार्थियों को स्कूटी वितरण

## किसानों के लिए बेहतर इंतजाम देख बोले 'विवाह समारोह जैसा भव्य अनुभव'

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

समाज के दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल के तहत बसंत विहार कांचीपुरम स्थित विधायक कार्यालय पर शेष रहे 7 पात्र दिव्यांगजनों को स्कूटीयाँ वितरित की गईं।

यह कार्यक्रम भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी के सानिध्य में किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व वरिष्ठ जिला महामंत्री प्रदीप सांखला, भाजपा के पूर्व जिला मंत्री एवं श्रीशिव महापुराण कथा के कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी, कथा समिति उपाध्यक्ष एवं परम गौ भक्त सुनील जागेटिया तथा आनंद चपलोत ने आतिथ्य प्रदान किया।

इस अवसर पर विधानसभा दिव्यांग



संयोजक पवन लोढ़ा ने सभी लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की योजनाएं दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विधायक अशोक कुमार कोठारी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने लाभार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये स्कूटीयाँ उनके दैनिक जीवन को सरल बनाते हुए आत्मनिर्भरता की ओर एक मजबूत कदम साबित होंगी। साथ ही उन्होंने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी साझा की। कार्यक्रम के दौरान भाजपा पूर्व जिला महामंत्री बाबूलाल टाक, प्रशासनिक प्रभारी एडवोकेट अर्पित कोठारी, निजी सहायक गजेंद्र सिंह राठौड़,एसडीएमसी विधानसभा संयोजक संजय राठी, सोशल मीडिया प्रभारी दिनेश सुथार, सह-प्रभारी पृथ्वीराज सिंह, प्रिंस जैन एवं अजय पाराशर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राजस्थान ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी 2025 लागू: व्यापारियों को मिलेगा बड़ा प्रोत्साहन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

राज्य सरकार ने व्यापार को बढ़ावा देने, नए निवेश को आकर्षित करने और रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से 'राजस्थान ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी 2025' लागू कर दी है, जो 31 मार्च 2029 तक प्रभावी रहेगी। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के संयुक्त एवं महाप्रबंधक ने बताया कि इस पॉलिसी के तहत रिटेल एवं होलसेल व्यापार से जुड़े सूक्ष्म उद्यमियों को विभिन्न प्रकार की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। नई नीति के अनुसार नए सूक्ष्म व्यापारिक उद्यमों को 2 करोड़ रुपये तक के ऋण पर ब्याज अनुदान दिया जाएगा, जिसमें 1 करोड़ रुपये तक के ऋण पर 6 प्रतिशत तथा 1 करोड़ से 2 करोड़ रुपये तक के ऋण पर 4 प्रतिशत ब्याज अनुदान




मिलेगा। यह अनुदान वितरण तिथि से 5 वर्ष तक देय होगा। इसके साथ ही एससी, एसटी, महिला एवं दिव्यांग वर्ग के उद्यमियों को 1 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण पर 1 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज अनुदान का प्रावधान भी किया गया है। पॉलिसी में अन्य महत्वपूर्ण प्रावधानों के तहत 5 करोड़ रुपये तक के ऋण पर 5 वर्ष तक सीजीटीएमएसई गारंटी फीस का 50 प्रतिशत पुनर्भरण किया जाएगा। वहीं सूक्ष्म खुदरा उद्यमियों को उनकी इकाई के इंश्योरेंस प्रीमियम पर 50 प्रतिशत (अधिकतम 1 लाख रुपये प्रतिवर्ष) तक की सहायता 5 वर्ष तक दी जाएगी। इसके अलावा ई-कॉमर्स के माध्यम से व्यापार करने वाले उद्यमियों को 1 वर्ष तक प्लेटफॉर्म फीस का 75 प्रतिशत (अधिकतम 50 हजार रुपये प्रतिवर्ष) पुनर्भरण किया जाएगा।

योजना के तहत व्यक्तिगत एवं संस्थागत एचयूएफ, सोसायटी, पार्टनरशिप फर्म, एलएलपी और कंपनियां आवेदन कर सकेंगी, बशर्ते उनका नियमानुसार पंजीकरण हो। एक परिवार से केवल एक ही व्यक्ति को इस योजना का लाभ मिलेगा। वहीं जिन आवेदकों ने पिछले 5 वर्षों में किसी अन्य सरकारी योजना के तहत समान लाभ प्राप्त किया है या जो वित्तीय संस्थानों के डिफाल्टर हैं, वे इस योजना के पात्र नहीं होंगे।

इस पॉलिसी के तहत आवेदन प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। इच्छुक आवेदक 15 अप्रैल से एसएसओ पोर्टल या ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में उमड़ा सर्व महिला समाज, बनाई विशाल मानव श्रृंखला

## महिला शक्ति ने हस्ताक्षर कर जताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाए गए ऐतिहासिक कदम 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के समर्थन और प्रधानमंत्री का आभार जताने के लिए शहर की सर्व महिला समाज आज सूचना केंद्र पर उमड़ पड़ा। विभिन्न महिला संगठनों के सहयोग से भव्य मानव श्रृंखला एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने बढ़ चढकर भाग लिया।

अभियान मीडिया संयोजक अभिश्रुता सोलंकी ने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया और कहा कि उन्होंने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' लाकर देश की आधी आबादी को उनका वास्तविक अधिकार और सम्मान दिलाने का कार्य किया है। यह अधिनियम केवल कानूनी बदलाव नहीं, बल्कि



महिलाओं के राजनीतिक नेतृत्व को नई दिशा देने वाला क्रांतिकारी कदम है। आज भीलवाड़ा की मातृशक्ति ने इस अभियान से जुड़कर यह साबित कर दिया है कि राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका अब और अधिक सशक्त होने वाली है।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि अभियान की जिला संयोजक श्रीमती मंजू चेचाणी के संयोजन में सह संयोजक आरती कोगटा, मंजू पालीवाल, ज्योति आशीर्वाद, मोहिनी माली, अभिश्रुता सोलंकी एवं रागिनी गुप्ता ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी व्यवस्थाएं संभालीं। इस अवसर पर राह से गुजरती हुई महिलाओं ने भी रुककर इस अधिनियम का स्वागत करते हुए खुशी का इजहार किया।

**तख्तियों पर लिखे स्लोगनों से गूंजा महिला सशक्तिकरण का संदेश**

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न संगठनों से जुड़ी महिलाएं अपने हाथों में महिला सशक्तिकरण और नारी शक्ति के जयघोष वाली तख्तियां लेकर खड़ी हुईं। इन तख्तियों पर लिखे प्रेरक स्लोगन समाज में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और उनके अधिकारों का संदेश दे रहे थे।

इसी क्रम में, कार्यक्रम स्थल पर एक विशाल बोर्ड लगाया गया था, जहाँ उपस्थित महिलाओं ने हस्ताक्षर कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' लाने के ऐतिहासिक निर्णय के प्रति अपना आभार और कृतज्ञता व्यक्त की।

**विभिन्न संगठनों का मिला सहयोग**

इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष रेखा परिहार, ललिता कंवर, कांता शर्मा, सुमित्रा पोरवाल, रेखा शर्मा, इंदु बंसल, नेहा नागर, रेखा अजमेरा, निशा जैन, मंजू पंचोली, सीमा चौधरी, मधु शर्मा, रेखा पुरी, आशा रामावत, बबली कंवर सहित मेवाड़ क्षत्रिय सेना, विशाल युवा हिंदू वाहिनी, महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र आदि विभिन्न सामाजिक संगठनों की पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में जागरूक महिला नागरिक उपस्थित रहीं।

## QUICK BITES

### जोजवा के चेतन ने रचा इतिहास, पहले ही प्रयास में आरपीएससी व्याख्याता परीक्षा पास

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।**



जोजवा गांव के होनहार युवक चेतन शर्मा ने अपनी मेहनत और लगन से बड़ी सफलता हासिल करते हुए राजस्थान पब्लिक सर्विस कमीशन की व्याख्याता भर्ती परीक्षा में पहले ही प्रयास में सफलता प्राप्त की है। चेतन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 46वीं रैंक हासिल कर अंतिम चयन सूची में अपना स्थान बनाया।

चेतन ने अपनी तैयारी त्रिवेणी चौराहा स्थित आर्यन स्टडी सेंटर में की। सेंटर के संचालक प्रभु योगी ने बताया कि यहां नियमित अध्ययन, अनुशासित माहौल और उचित मार्गदर्शन के कारण छात्र लगातार सफलता हासिल कर रहे हैं।

उन्होंने जानकारी दी कि अब तक इस स्टडी सेंटर से एक दर्जन से अधिक विद्यार्थियों का विभिन्न सरकारी भर्तियों में चयन हो चुका है।

### सरदार नगर बास्केटबॉल लीग का समापन, वारियर्स ने मारी बाजी

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा ।**



**परमेश्वर** । सरदार नगर में आयोजित तीन दिवसीय बास्केटबॉल लीग का मंगलवार रात रोमांचक मुकाबलों के साथ समापन हो गया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। फाइनल मुकाबला बेहद कांटे का रहा, जिसमें सरदार नगर वारियर्स ने सरदार नगर लेकर्स को 82-80 के करीबी अंतर से हराकर खिताब अपने नाम किया। मैच के अंतिम क्षण तक दोनों टीमों के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिली, जिसने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा।

जूनियर वर्ग में प्रकाश माली के उत्कृष्ट खेल की बदौलत लेकर्स टीम ने जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि राजू पूरी, अध्यक्षता समाजसेवी रविशंकर गिरी ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में परमेश्वर दमामी व दिनेश जीनगर उपस्थित रहे। आयोजन समिति के अध्यक्ष रामस्वरूप कुमावत ने बताया कि लीग का उद्देश्य क्षेत्रीय प्रतिभाओं को मंच देना है, जिसमें आयोजन पूरी तरह सफल रहा।

प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में रामनारायण कुमावत को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, देवा लाल माली को बेस्ट स्कोरर और परवेज़ पठान को बेस्ट फीडर का पुरस्कार दिया गया। वहीं जूनियर वर्ग में प्रकाश माली सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और दानिश पठान बेस्ट स्कोरर रहे। विशेष प्रतियोगिताओं में सूरज कुमावत ने थ्री पॉइंट कॉन्टेस्ट और ध्रुव जीनगर ने फ्री थ्रो कॉन्टेस्ट में जीत हासिल की। अंत में कोच शाहरुख पठान ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों एवं आयोजन से जुड़े सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### लैब टेक्नीशियन संघ चुनाव में संदीप शर्मा अध्यक्ष निर्वाचित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



अखिल राजस्थान लेबोरेटरी टेक्नीशियन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष पद के चुनाव आईएमए हॉल में लोकतांत्रिक प्रक्रिया से संपन्न हुए। कुल 136 मतदाताओं में से 95 सदस्यों ने मतदान किया।निर्वाचन अधिकारी दिनेश चंद्र शर्मा ने बताया कि चुनाव में संदीप शर्मा (लैब टेक्नीशियन, पीएचसी कास्या, बिजोलिया) को 75 मत प्राप्त हुए, जबकि चंद्र कुमार शर्मा (वरिष्ठ तकनीकी सहायक, महात्मा गांधी हॉस्पिटल) को 20 मत मिले। इस प्रकार संदीप शर्मा 55 मतों से विजयी घोषित किए गए।जिला अध्यक्ष ईश्वर सिंह तंवर ने नव निर्वाचित अध्यक्ष को बधाई दी। संदीप शर्मा के अध्यक्ष बनने पर जिलेभर के लैब टेक्नीशियन एवं प्रयोगशाला सहायकों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस दौरान साथियों व महिला प्रकोष्ठ की ओर से साफा व पुष्प भेंट कर उनका स्वागत किया गया।

### रघुवंशी नायक समाज की बैठक सम्पन्न, विनोद ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



रघुवंशी नायक समाज की भीलवाड़ा जिले की बैठक पथिक नगर स्थित नायक छात्रावास में आयोजित की गई। बैठक में प्रसिद्ध त्रिनेत्र शिव मंदिर के महंत जगदीश प्रसाद भोपाजी, जिलाध्यक्ष गोपी लाल नायक, संरक्षक भेरूलाल नायक, युवा जिलाध्यक्ष भानु प्रताप नायक सहित समाज के सैकड़ों लोग सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गोपी लाल नायक ने मांडलगढ़-बिजौलिया ब्लॉक के लिए विनोद कुमार नायक को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया। नवनियुक्त अध्यक्ष विनोद कुमार नायक ने समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों को दूर करने एवं शिक्षा के प्रसार के लिए समाजजनों के साथ मिलकर एकजुटता से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।